# स्वास्थ्य विभाग के पास लक्जरी गाड़ियां, फिर ट्रैक्टर से क्यों किया दौरा...?

## गाड़ियों के भुगतान में ट्रेक्टर का निकला नंबर, दौरे की लॉगबुक भी कम्पलीट

**शाजापुर, 26 सितंबर. शाजापुर का स्वास्थ्य विभाग यूं भी अजब-गजब तमाशे के लिए चर्चा में रहता है, लेकिन इस बार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने गाड़ियों के भुगतान के मामले में सबको चौंका दिया है. गाड़ी के भुगतान में ट्रैक्टर का बिल लगा दिया और बकायदा अधिकारी ने ट्रेक्टर से पूरे जिले का भ्रमण भी लॉगबुक में चढ़ा दिया. अब इससे सवाल यह उठता है कि या तो बिल फर्जी है या फिर अधिकारियों ने वाकई में ट्रेक्टर से ही जिले का दौरा किया.**


गौरतलब है कि पायल टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से सीएमएचओ ने भुगतान की नोटशीट 21 मार्च 2025 को बनाई, जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तेजपाल सिंह जादौन मार्च 2025 के भ्रमण में जिस गाड़ी का भाड़ा 14220 रुपए स्वीकृत किया. उस गाड़ी का नंबर एमपी 13 एबी 7999 दर्शाया गया. जबकि ये नंबर उज्जैन के आरटीओ में 13 अगस्त 2014 को एक ट्रेक्टर के नाम से पंजीकृत है. अब सवाल यह उठता है कि या तो ये बिल फर्जी है. या फिर स्वास्थ्य अधिकारी तेजपाल सिंह जादौन ने ट्रेक्टर से ही भ्रमण किया है. क्योंकि उनकी लॉग बुक में शाजापुर से दुपाड़ा, शाजापुर से शुजालपुर, शाजापुर शहर, शाजापुर से शुजालपुर आदि का भ्रमण बताया गया है. अब सवाल यह है कि इतना भ्रमण उन्होंने 6 मार्च से लेकर 17 मार्च तक क्या ट्रेक्टर से किया.

### पता ही नहीं चला शहर में स्वास्थ्य अधिकारी ट्रेक्टर से निरीक्षण कर गए...

अजब-गजब स्वास्थ्य विभाग के कारनामे का शहरवासियों को ही पता नहीं चला कि 11 मार्च 2025 को शाजापुर शहर की क्लीनिक भ्रमण का वे ट्रेक्टर पर बैठकर कर गए. यहां तक कि 7 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए शाजापुर से शुजालपुर भी वे ट्रेक्टर से गए. अब इस मामले में क्या जांच होकर इस बात का पता लगाया जाएगा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ट्रेक्टर को भुगतान क्यों किया. और जिस गाड़ी का भुगतान वे बता रहे हैं, उसका फर्जी वाउचर किसने बनाया.

### कई पेट्रोल की गाड़ी में डीजल भी भरवा दिया

स्वास्थ्य विभाग में दौरे के लिए समय-समय पर गाड़ियां किराये पर ली जाती हैं. अभी तक कोई भी कार कंपनी ऐसी कार नहीं बना पाई है कि जो पेट्रोल की हो, लेकिन डीजल से चलती हो. लेकिन शाजापुर सीएमएचओ कार्यालय ने ये कारनामा भी करके दिखा दिया. कई मारुति की पेट्रोल गाड़ियां दौरे के नाम पर किराये से ली, लेकिन उनके वाउचर और भुगतान डीजल का किया गया. यदि ऐसी तकनीक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आम आदमी को बता दें, तो जनता का बड़ा भला होगा.



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-शाजापुर (म.प्र.)
//नोट-शीट//
दिनांक 21/03/2025

विषय :- जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं एवं फील्ड में किये गये सुपर विजन हेतु वाहन के देयक भुगतान के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है, कि जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा माह मार्च 2025 में किये गये सुपर विजन के वाहन के भुगतान देयक भुगतान स्वीकृति हेतु निम्नानुसार प्रस्तुत है :-

| क्र. | अधिकारी/पदनाम | माह मार्च 2025 में भ्रमण संख्या | Activity code | गाड़ी भाड़ा मय डीजल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 (डॉ. तेजपाल सिंह जादौन) | 08 | A.10.7.2.c Mobility Support for DHO -1 | 14820/- |
| | | | Total - | 14820/- |

| क्र. | फर्म का नाम | बिल क्रमांक | खाता विवरण | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पायल टूर एण्ड टूर एण्ड ट्रेवल्स वाहन क्रमांक- एमपी-13-एबी-7999 AC 00000032150241913 SBIN0030311 | 50 date 21-03-2025 | March 2025 | 14820/- |
| | | | Total - | 14820/- |

अतः कुल राशि 14820/- चवदह हजार आठ सो बीस रू. के भुगतान देयक भुगतान स्वीकृति हेतु अनुमोदनार्थ एवं हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक

CMHO/Sir

## एक नजर में

### कांग्रेस ने फूंका मंत्री विजयवर्गीय का पुतला



**शाजापुर, 26 सितंबर.** शाजापुर में पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रतिपक्ष नेता को लेकर टिप्पणी की थी. जिसमें भाई-बहन के रिश्ते को लेकर आपत्तिजनक बयान आया था. इसको लेकर शाजापुर जिला कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका और ज्ञापन सौंपा. इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे. पर्याप्त पुलिस बल होने के कारण कांग्रेसियों ने पुलिस को चकमा देकर फव्वारा चौक पर पुतले में आग लगा दी.

### विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित




**मोहन बड़ोदिया, 26 सितंबर.** शासकीय सेवकों के लिए आनंदित व्यवहार को लेकर विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया में किया गया. उक्त आयोजन राज्य आनंद विभाग मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वधान में आयोजित किया गया. उक्त आयोजन शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया ने की. राज्य आनंद से मास्टर ट्रेनर शिरीष सुमन शर्मा, जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, विकासखंड समन्वयक बसंत रावत, नवांकुर समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार कलमोदिया, रामकिशन राजपूत, कृपाल सिंह राजपूत, रामराज पुरबिया सहित जन अभियान परिषद, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही.

### दो स्थानों पर हुआ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का भव्य स्वागत




**मक्सी, 26 सितंबर.** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार सुबह मक्सी पहुंचे. वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होने शाजापुर जा रहे थे. उनके आगमन पर नगरवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. उनके स्वागत के लिए दो प्रमुख स्थलों पर आयोजन किए गए. पहला स्वागत पंचमुखी हनुमान मंदिर जलालपुरा बायपास पर हुआ. जहां भाजपा मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल एवं मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे. स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजयवर्गीय पर पुष्पवर्षा कर जयघोषों के साथ उनका अभिनंदन किया. दूसरा स्वागत कनासिया नाका बायपास पर आयोजित किया गया. जहां नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह खाटू पटेल एवं मंत्री विजयवर्गीय के बेहद करीबी माने जाने वाले रवि जैन के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया. यहां भी भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए और ढोल-ढमाके एवं फूल मालाओं से विजयवर्गीय का अभिनंदन किया गया. दोनों ही स्वागत स्थलों पर उमड़ी भारी भीड़ और जनसमर्थन ने यह स्पष्ट किया कि मंत्री विजयवर्गीय को मक्सी नगर में अपार लोकप्रियता.

### ग्राम पंचायतों में चलाया सफाई अभियान

**मोहन बड़ोदिया, 26 सितंबर.** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मोहन बड़ोदिया जनपद की 98 ग्राम पंचायतों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अभियान चलाया जा रहा है. इसी तारतम्य में गुरुवार को ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया, सागड़िया, मोहना, कुमारिया पाल, गोविंदा, मंडोदा सहित जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहा है. इस दौरान ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया गया. इस मौके पर ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया में जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव अर्जुन सिंह चौहान, जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आरती पड़ोले सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा वर्मा, पर्यवेक्षक आशा जांगड़े, किरण परमार सहित आशा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत स्टाफ मौजूद रहा.

संघ शताब्दी वर्ष : भाग - 5 | पुराने चेहरों से रूबरू करा रहा नवभारत

# पिता जेल में, मां भूमिगत हुई, हम दोनों भाई मामा के यहां रहे

## संघ से जुड़े स्वयंसेवकों के आमजनों के प्रति प्रेम, सेवा व समर्पण के भाव का कोई सानी नही

**शाजापुर, 26 सितंबर. आपातकाल के दौरान हमने काफी परेशानी झेली, मेरा छोटा भाई सुनील और मैं उस समय काफी छोटे थे. आपातकाल लगा तो मेरे पिता स्व. कृष्णदास गुप्ता पिता को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया वहीं मेरी मां को भी अंडरग्राउंड रहना पड़ा. हम दोनों भाई अपने मामा के यहां पर रहे.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना आज ही के दिन 27 सितंबर 1925 को हुई थी, आज संघ को पूरे सौ साल हो जाएंगे. इसी तारतम्य में नवभारत द्वारा संघ, संघ से जुडे स्वयंसेवकों एवं उनके परिजनों से चर्चाकर भूली बिसरी यादों को ताजा किया जा रहा है. ***नवभारत*** द्वारा चलाई जा रही मुहिम पुराने चेहरों से रूबरू कराने की कड़ी में स्वयंसेवक संघ, जनसंघ से जुडे स्वं. कृष्णदास गुप्ता के जीवन व चरित्र के बारे में उनके पुत्र अनिल गुप्ता से जानकारी लेकर साझा की जा रही है.



स्व. श्री कृष्णदास गुप्ता

### चीलर डैम फोड़ने का लगा आरोप, जेल भेज दिया

सब्जी मोहल्ला निवासी स्व. कृष्णदास गुप्ता का जन्म 28 अक्टूबर 1933 को हुआ था. 15-16 वर्ष की उम्र रही होगी जब वे संघ से जुडे. उनके बेटे अनिल गुप्ता बताते हैं कि मेरे पिता शिव मंदिर संघ की शाखा में जाते थे. शहर में निकलने वाले पथ संचलन में ध्वज लेकर चलते थे. वे कई आंदोलनों में शामिल रहे. आपातकाल के पहले वे जनसंघ के एक आंदोलन के दौरान भोपाल में ज्ञापन सौंपे जाते समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शंकरदयाल शर्मा के साथ धक्का मुक्की के आरोप में उन्हें आठ दिन जबलपुर जेल में रहना पड़ा. इसके बाद अन्य आंदोलन में ग्वालियर, राजगढ़ जेल में भी रहे. वहीं जून 1975 को आपातकाल लग गया. पिता सक्रिय कार्यकर्ता थे, उन्हें पुलिस पहले ही दिन गिरफ्तार करके उज्जैन भैरवगढ़ जेल लेकर चली गई. उन पर बेबुनियाद आरोप लगाया गया कि उन्होंने चीलर डैम को नुकसान पहुंचाया है. वे 19 माह 7 दिन जेल में बंद रहे.

### कंस के सेनापति बनकर भी रंग जमाया

अनिल गुप्ता बताते हैं कि पिता स्वं. कृष्णदास गुप्ता सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राष्ट्र धर्म आदि के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे. शाजापुर में होने वाले ऐतिहासिक आयोजन कंस वधोत्सव कार्यक्रम में हमारे घर का भी योगदान हैं, दरअसल, मेरे पिता स्वं. गुप्ता 1977 से कंस के सेनापति बनते आए. इसके बाद उनका 25 दिसंबर 1992 को उनका निधन हो गया. जब से मैं कंस का सेनापति बनने लगा. वर्ष 2018 तक मैंने भी शाजापुर के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

### ओटला बनाने का नाप देने के लिए खुद शमशान में लेट गए थे गुप्ता...

अनिल गुप्ता बताते हैं कि शाजापुर के शमशान घाट में अंतिम संस्कार जमीन पर किया जाता था, इसके बाद ओटला बनाकर उस पर अंतिम संस्कार का कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया. सभी जन शमशान पहुंचे, लेकिन ओटले के लिए नाप कितना लें इसे लेकर असंमजस की स्थिति बनी तो स्वयंसेवक रहे स्वं. कृष्णदास गुप्ता शमशान घाट में जहां चिता जलाई जाती है वहां खुद लेट गए और बोले कि मेरी हाइट के माप से नाप ले लो, क्योंकि मेरी हाइट 6 फीट 4 इंच है. इतनी हाइट शायद ही किसी की होती है, एक ही माप का ओटला बनने से दिवगंत लोगों के अंतिम संस्कार का कार्य बेहतर तरीके से हो सके इसके लिए कृष्णदास गुप्ता की इस भावना की सभी ने सराहना की और यह वाकया चर्चा का विषय बन गया था. संघ से जुडे स्वयं सेवकों के आमजनों के प्रति प्रेम, सेवा व समर्पण के भाव का कोई सानी नहीं है.

## 18 महिला पुलिस पेट्रोलिंग टीमें तैनात, नवरात्रि में महिलाओं की सुरक्षा पर फोकस

**शाजापुर, 26 सितंबर.** नगर में नवरात्रि के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं. पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने गुरुवार शाम 5 बजे पुलिस लाइन से 18 विशेष महिला पेट्रोलिंग टीमों को रवाना किया. ये टीमें दोपहिया वाहनों से गरबा स्थलों और पूजा स्थलों पर लगातार गश्त करेंगी. महिला शक्ति दल छेड़छाड़ या किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करेगा. शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है. पूजा और गरबा स्थलों पर ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे और सीसीटीवी कैमरा वाहन तैनात किए गए हैं. महिला पेट्रोलिंग दल के साथ अन्य पुलिस बल भी तैनात रहेगा. यह कार्रवाई भोपाल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर की गई है. इस पहल का उद्देश्य जिले में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है.

### समाजसेवियों ने किया वानर का अंतिम संस्कार

**सुसनेर, 26 सितंबर.** शुक्रवार को समीपस्थ ग्राम आमला नानकार में एक बंदर की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद ग्राम के ही युवा समाजसेवियों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया. इस अवसर पर ग्राम के समाजसेवी युवा भगवान सिंह, मेहरबान सिंह पटेल, थान सिंह, ईश्वर सिंह, रामचंद्र सिंह, कमल सिंह,रामसिंह, राहुल परमार, कैलाश, जसवंत सिंह, कमलए, राजेंद्र सेन, विजेश, कमल सिंह, मनीष बैरागी आदि उपस्थित थे.

## महाविद्यालय में रक्त परीक्षण शिविर आयोजित

**मोहन बड़ोदिया, 26 सितंबर. शा. महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. रक्त परीक्षण शिविर में विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई.**




इसी के साथ स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मुरलीधर सोनी भी उपस्थित रहे. रक्त परीक्षण के बाद डॉ. आलोक ने हीमोग्लोबिन स्तर कम होने पर कौन-कौन से उपाय किए जाने चाहिए इस संबंध में जानकारी प्रदान की. सोनी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास के लिए स्वदेशी अपनाएं और भारत को आत्मनिर्भर बनाएं. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य शिवाकांत तिवारी ने की. संचालन प्रोफेसर मनोज लश्करी ने किया. इस दौरान अभय कुमार भोंसले, डॉ. गोपाल वर्मा, डॉ. दीपा वाडिया एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे. आभार श्रीमती सौम्या सिंह तोमर ने माना.

## 20 खिलाड़ी कैंप हेतु चयनित



**शाजापुर, 26 सितंबर. शाजापुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर 15 वर्ष आयु समूह के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई. चयन शिविर में शुजालपुर, कालापीपल, मक्सी एवं शाजापुर के लगभग 45 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन किया.**

चयन प्रक्रिया में मुख्य चयनकर्ता के रूप में वरिष्ठ खिलाड़ी आनंद भावसार, विशाल मकवाना, विनोद गवली एवं अशफाक खान उपस्थित रहे. चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से अवलोकन किया और 20 खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया. इन खिलाड़ियों के लिए आगामी दिनों में तीन दिवसीय कैंप आयोजित किया जाएगा. कैंप के उपरांत 15 सदस्यीय जिला टीम का गठन किया जाएगा, जो शाजापुर का प्रतिनिधित्व करेगी. कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व खिलाड़ी उमेश टेलर तथा जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह भदोरिया का खिलाड़ियों ने पुष्पहार एवं तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत कर किया. खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने की प्रक्रिया संगठन के उपाध्यक्ष खलील खान द्वारा संपन्न कराई गई.

### पूर्व खिलाड़ी श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की

इस दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा गत 19 सितम्बर को दिवंगत हुए पूर्व खिलाड़ी अखिलेश श्रीवास्तव को याद किया गया. उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज आर्य द्वारा दी गई.

## जैविक खेती की मिसाल बने कलमोदिया बंधु, छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**मोहन बड़ोदिया, 26 सितंबर. शाजापुर जिले की मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम मटेवा के कलमोदिया कृषि फार्म का पीएम शासकीय कन्या उमावि शुजालपुर मंडी की छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया. कृषक दिनेश कुमार कलमोदिया एवं किशोरीलाल कलमोदिया ने क्षेत्र में जैविक खेती की एक अनूठी मिसाल कायम की है. दोनों भाइयों ने परंपरागत रासायनिक खेती को छोड़कर पूरी तरह से जीवाअमृत, वर्मी कम्पोस्ट एवं प्राकृतिक खादों का उपयोग शुरू किया है.**



उनके खेतों में सोयाबीन, मक्का, हल्दी, मुंगफली आदि सहित आदि फसलें पूरी तरह से जैविक विधियों से तैयार हो रही है. यह प्रयास आसपास के किसानों को भी प्रेरित कर रहा है. शुक्रवार दोपहर 3 बजे के करीब पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि शुजालपुर मंडी की कृषि ट्रेड की छात्राएं जिनमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण के तहत मटेवा गांव पहुंचीं और कलमोदिया परिवार की खेती का प्रत्यक्ष अवलोकन किया. इस दौरान छात्राओं ने खेतों में तैयार जीवाअमृत, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैविक पद्धति से उगाई गई फसलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की. विद्यालय परिवार से व्यावसायिक प्रशिक्षक कृष्णकांत परमार, श्रीमती प्रीति चौहान, प्रकाश गुजरवाडिया एवं श्रीमती मीना बमनावत ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया. इस भ्रमण में श्रीमती रितु चौहान का विशेष सहयोग रहा. विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अल्पना राणा ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करते हैं. कलमोदिया बंधुओं का यह कार्य न केवल विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है, बल्कि किसानों के लिए भी यह संदेश देता है कि जैविक खेती ही आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य है.

एक नजर में | 4 विभागों की संयुक्त कार्रवाई से मचा हडकंप, पुलिस ने प्रकरण भी दर्ज किया

# एसडीएम बंगले के पास से हटाया अतिक्रमण, जेसीबी से गुमटियों को किया जमींजोद

**सुसनेर, 26 सितंबर. शहर गुमटियों के मकडजाल में फंसता जा रहा है, आए दिन शहर की मुख्य सड़कों पर गुमटियां रखकर के अतिक्रमण किया जा रहा है. अतिक्रमणकारियों के हौंसले इतने बुलंद है कि उन्होंने महाराणा प्रताप तिराहे के समीप एसडीएम के पुराने बंगले में ही गुमटिया रखकर के कब्जा करना शुरू कर दिया है. इसके चलते शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सर्वेश यादव के निर्देश पर 4 विभागों के संयुक्त दल ने यहां रखी गुमटियों को जेसीबी मशीन से जमींजोद कर दिया.**




थाना प्रभारी केसर राजपूत के अनुसार पुलिस ने एक गुमटी संचालक के विरूद्ध प्रकरण भी दर्ज किया है. शुक्रवार की दोपहर में राजस्व विभाग के तहसीलदार रामेशवर दांगी, कस्बा पटवारी मोहित नागर, विघुत वितरण कम्पनी के अधिकारी इमरान खान, टाउन प्रभारी विनोद शर्मा, टीआई केसर राजपूत तथा नगर परिषद के इंजीनियर अरविंद बघेल को अपने-अपने कर्मचारियों को लेकर के घटनास्थल पर पहुंचकर के गुमटियों को हटाया और आगे से अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी. तहसीलदार रामेश्वर दांगी के अनुसार एसडीएम के निर्देश पर गुमटियों को हटवाकर के संचालको को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

### शिकायतों के बाद भी नप नहीं दे रही थी ध्यान

इस कार्रवाई के दौरान आसपास के दुकानदारों और पिकअप वाहन चालकों ने प्रशासन को बताया की इन गुमटियों को लेकर पहले भी उनके द्वारा नगर परिषद को व सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायतें की गई थी, लेकिन उसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा.

